प्रपत्र–1

योजना का नाम :– जनपद देहरादून के विकास खण्ड डोईवाला के गुमानीवाला क्षेत्र मे विश्व बैंक पोषित अर्द्धनगरीय (पैरी अरबन) पेयजल योजना, गुमानीवाला के निर्माण हेतु 0.25 है0 वन भूमि का उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऋषिकेश को हस्तान्तरण।

प्रतिवेदन
(योजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

जनपद देहरादून के विकासखण्ड डोईवाला के अन्तर्गत गुमानीवाला क्षेत्र में ऋषिकेश–हरिद्वार मुख्य मोटर मार्ग व बाईपास मोटर मार्ग के दोनो तरफ स्थित असवाल मौहल्ला, बीबीवाला, कपूर फार्म, गुमानीवाला, हनुमान मन्दिर कॉलोनी, केदार कॉलोनी, तुलसी विहार, कुंजापुरी कॉलोनी, कृष्णा विहार, ओम विहार, हरिधाम कॉलोनी, सूरत विहार, देवेन्द्र विहार, बद्रीश कॉलोनी मे पेयजल योजना निर्माण हेतु विश्व बैंक पोषित अर्द्धनगरीय (पैरी अरबन) पेयजल योजना, गुमानीवाला का निर्माण स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं जनता की मांग पर प्रस्तावित किया गया है। जिस हेतु क्षेत्र गुमानीवाला के अन्तर्गत 0.25 हेक्टेयर वन भूमि का उत्तराखण्ड जल संस्थान ऋषिकेश को हस्तान्तरित किया जाना प्रस्तावित है।

इस योजना मे प्रस्तावित स्थल पर तीन जोन मे पेयजल योजना निर्माण कर लगभग 10000 जनसंख्या को पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। स्थानीय स्तर पर योजना पेयजल हेतु महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। उक्त स्थल पर प्रस्तावित योजना से किसी ऐतिहासिक मन्दिर, मस्जिद, आम रास्ता, चारागाह आदि को कोई क्षति नही पहुचेगी।

इस योजना हेतु 0.25 है0 वन भूमि उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऋषिकेश को हस्तान्तरित की जानी है। जिसका स्थलीय निरीक्षण वन क्षेत्राधिकारी, ऋषिकेश रेंज द्वारा करा लिया गया है। अतः वन भूमि हस्तान्तरण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव गठित किया गया है।

वन क्षेत्राधिकारी
ऋषिकेश
देहरादून वन प्रभाग, देहरादून

प्रभागीय वनाधिकारी
देहरादून वन प्रभाग,
देहरादून

अधिशासी अभियन्ता
(अनुरक्षण खण्ड),
उत्तराखण्ड जल संस्थान
देहरादून।

Executive Engineer (F.I.U)
Maintenance Division
Uttarakhand Jal Sansthan
Dehradun

प्रतिहस्ताक्षरित

उप प्रभागीय वनाधिकारी
ऋषिकेश